नालको NALCO

**संदर्भ/Ref. : NBC/S/4.5 & 4.5(A)/2025/1893**
**दिनांक/Dated: 11.11.2025**

| | |
|---|---|
| प्रबंधक/The Manager<br>बीएसई लिमिटेड/BSE Limited,<br>फीरोज जीजीभोय टावर्स/<br>Phiroj Jeejeebhoy Towers,<br>दलाल स्ट्रीट/Dalal Street,<br>**मुम्बई/MUMBAI- 400 001**<br>**स्क्रिप कोड/Scrip Code: 532234** | प्रबंधक/The Manager<br>अनुसूचन विभाग/Listing Department<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.,<br>National Stock Exchange of India Ltd.,<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कम्प्लेक्स,<br>Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,<br>बांद्रा ईस्ट/Bandra East,<br>**मुम्बई/MUMBAI-400 051**<br>**प्रतीक/Symbol: NATIONALUM** |

**विषय/Sub:** **वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अंतरिम लाभांश की रिकॉर्ड तिथि के संबंध में समाचार पत्र प्रकाशन/Newspaper publications regarding Record date for 1st Interim Dividend for Financial year 2025-26.**

महोदय/Dear Sir,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के अनुसार, कृपया वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अंतरिम लाभांश की रिकॉर्ड तिथि के संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना की प्रतियाँ संलग्न देखें। / As per SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed herewith copies of Public Notice published in Newspapers regarding Record date for 1st Interim Dividend for financial year 2025-26.

उपरोक्त सूचना **08.11.2025** को उड़िया समाचार पत्र "धरित्री", हिंदी समाचार पत्र "नवभारत और बिजनेस स्टैंडर्ड" और अंग्रेजी समाचार पत्र "बिजनेस स्टैंडर्ड" में प्रकाशित हुई थी।/The above notice was published on 08.11.2025 in the **"Dharitri"** the Odia newspaper, **"Navabharat & Business Standard"** the Hindi newspapers and **"Business Standard"**, the English newspaper.

आपकी जानकारी और अभिलेख हेतु /This is for your information and record.

धन्यवाद /Thanking you

**भवदीय/Yours faithfully,**
**कृते नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड**
**For National Aluminium Co. Ltd.**
Digitally signed by Bharat Kumar Sahu
Date: 2025.11.11 19:32:15 +05'30'
**(बी. के. साहू)/(B. K. Sahu)**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी /**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**ACS: 9953**

**Encl.: As above/संलग्न**

नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
निगम कार्यालय
नालको भवन, नयापल्ली, भुवनेश्वर -751 013 भारत

**National Aluminium Company Limited**
(A Government of India Enterprise)
**REGD. & CORPORATE OFFICE**
Nalco Bhawan, Nayapalli, Bhubaneswar–751013,India

**CIN # L27203OR1981GOI000920**
**Tel.:0674-2301988-999, Ext.:2265, 2266, 2267, 2585, 2587, E-mail:company_secretary@nalcoindia.co.in,Website:www.nalcoindia.com**

# तेल भंडार बढ़ा रहा भारत

## ब्रेंट ऑयल की कीमतें फिलहाल स्थिर, 65 डॉलर बैरल हैं कीमत

■ **दिल्ली, विशेष संवाददाता.** रूसी कंपनियों रोसनेफ्ट तथा लुकोइल प्रतिबंध की वजह से वैश्विक तेल बाजार में आपूर्ति में कमी और नई अस्थिरता आने की आशंका बढ़ गई है. इसे देखते हुए भारत चुपचाप अपनी ऊर्जा सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है. ब्रेंट क्रूड की कीमतें इस समय 65 डॉलर प्रति बैरल से नीचे हैं और आपूर्ति में कमी की आशंका के चलते निकट भविष्य में मूल्य वृद्धि की आशंका है. ऐसे में भारत इस अवसर का उपयोग करते हुए अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारों को पुनः भरने और विस्तार करने पर विचार कर रहा है.

इस मामले से जुड़े दो लोगों ने बताया कि मई में चार साल के निचले स्तर 60 डॉलर प्रति बैरल से जून में कीमतें बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं. इसीलिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश का भंडार बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि फिलहाल कीमतें अपेक्षाकृत कम हैं. हालांकि तेल की उपलब्धता को लेकर कोई चिंता नहीं है किंतु आगे कीमतें बढ़ सकती हैं.

### कितनी है हमारी भंडारण क्षमता

**5.3 मिलियन** टन है भारत की मौजूदा भंडारण क्षमता

**3.6 मिलियन** टन कच्चा तेल ही भूमिगत कैवर्नों में भरा गया था अक्टूबर तक



**3 भंडारण** स्थल हैं वर्तमान में भारत के पास

**2 नए** भंडारण केंद्र बनाए जा रहे हैं

**2 गुनी से** अधिक हो जाएगी इससे भंडारण की क्षमता

रणनीतिक भंडारों की भूमिका तब अहम हो जाती है जब कोई गंभीर भू-राजनीतिक स्थिति उत्पन्न होती है या अस्थिरता की आशंका होती है. आमतौर पर जब कीमतें कम होती हैं, तब इन्हें भरा जाता है. खरीद प्रक्रिया को तेज करने के लिए सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियां जो कच्चा तेल खरीदती हैं वे उसकी मात्रा बढ़ा सकती हैं.

### अब अन्य देशों की ओर हो रहा रुख

केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने कहा कि भारतीय रिफाइनर अब तक अधिकांश तेल रूस से खरीद रहे थे. वे अब पश्चिम एशिया, ब्राजील, पश्चिम अफ्रीका और अमेरिका से खरीद बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अधिक मालभाड़ा लागत से प्रतिस्थापन की सीमा कुछ घट सकती है.

### रूसी तेल न आने से बढ़ेंगी क्रूड की कीमतें

- आईसीआरए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कॉर्पोरेट रेटिंग्स को-ग्रुप प्रमुख प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि रूस की रोसनेफ्ट और लुकोइल पर 21 नवंबर से लागू होने वाले अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बाजार से आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा हट जाएगा. जिससे कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है.
- वशिष्ठ ने कहा कि पहले से ही कीमतों में कुछ बढ़ोतरी देखी जा रही है और आने वाले दिनों में ये और ऊपर जा सकती हैं. चूंकि रूसी आपूर्तिकर्ता रियायती दरों पर तेल दे रहे थे, इसलिए आपूर्ति में कमी का असर वैश्विक कीमतों पर पड़ेगा.
- भारतीय रिफाइनर सहित तेल खरीदार 21 नवंबर से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण रूसी तेल की खरीद सीमित करेंगे, इसके अलावा ओपक ने जनवरी से मार्च 2026 तिमाही के लिए उत्पादन बढ़ोतरी को रोकने का निर्णय लिया है.

उपलब्धि : बेहतर प्रदर्शन एवं अच्छे कामकाज से आगे बढ़ा बैंक

## $100 अरब की कंपनी बनी SBI

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारतीय रिजर्व बैंक के नियामक सुधारों के कारण एसबीआई अपने 2018 के घाटे से उबरकर 100 अरब डॉलर की बैंकिंग कंपनी बन गई है. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह दावा किया. एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए गवर्नर ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र में परिवर्तन एक मजबूत ढांचे के साथ-साथ आरबीआई व सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रमुख नीतिगत उपायों से संभव हुआ है. उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष अभी बता रहे थे कि 2018 में वे घाटे में थे. और अब वह 100 अरब डॉलर की कंपनी है.

### सावधानी से आगे बढ़ रहा RBI

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है लेकिन साहस दिखाने की आवश्यकता के कारण हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है. मल्होत्रा ने साथ ही स्पष्ट किया कि बैंकों पर अधिक जिम्मेदारियां उनके बेहतर प्रदर्शन एवं बेहतर कामकाज के कारण हैं. केंद्रीय बैंक के पास किसी भी गलत व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त साधन मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि आरबीआई सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहता है. कोई भी नियामक 'बोर्डरूम' के निर्णय का स्थान नहीं ले सकता है और न ही उसे ऐसा करना चाहिए. प्रत्येक मामले को विनियमित संस्था द्वारा योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए. आरबीआई ने पिछले महीने कई उपायों की घोषणा की थी जिनमें बैंकों को घरेलू अधिग्रहणों के लिए धन मुहैया कराने और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए विदेशी उधारी लेने की अनुमति देना शामिल है.



### # शेयर MARKET

| | | |
|---|---|---|
| बीएसई | 83,216.28 | (▼ 94.73) |
| निफ्टी | 25,492.30 | (▼ 17.40) |
| निफ्टी IT | 35,117.65 | (▼ 219.95) |

₹ $ **88.65** (प्रति डॉलर)

| | सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) | चांदी (प्रति किग्रा) |
|---|---|---|
| नागपुर | 1,20,700 (▼) | 1,49,900 (▲) |
| मुंबई | 1,20,100 (▼) | 1,48,275 (▲) |

कच्चा तेल | 64.21 ($ प्रति बैरल)

## मिडकैप 118 अंक बढ़ा

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 17 अंक की गिरावट आई. हालांकि निचले स्तरों से बाजार में सुधार भी आया. विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. बीएसई सेंसेक्स 95 अंक की गिरावट के साथ 83,216 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 640 अंक तक लुढ़क गया था. वहीं एनएसई निफ्टी 17 अंक गिरकर 25,492 अंक पर आ गया. नीचे में यह 25,318 अंक तक गिरा. मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेज सुधार आया. निचले स्तरों पर लिवाली निकलने और शॉर्ट कवरिंग से बीएसई मिडकैप 118 अंक बढ़कर 46,768 अंक हो गया. नीचे में यह 46,107 अंक तक गिरा. स्मॉलकैप भी नीचे में 52,362 अंक तक गिरने के बाद 53,000 के पार हो गया और 53,052 अंक पर मात्र 5 अंक नुकसान में रहा.



**95 अंक और टूटा सेंसेक्स**

### स्टडस IPO की घाटे में हुई लिस्टिंग

**मुंबई.** हेलमेट बनाने वाली कंपनी स्टडस एक्सेसरीज लिमिटेड का शेयर पहले दिन ही नुकसान में आ गया. शुक्रवार को लिस्टिंग के दिन एनएसई में कंपनी का शेयर 565 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ और कारोबार के अंत में यह 560 रुपये प्रति शेयर पर रहा, जो आईपीओ मूल्य के मुकाबले 4.22% कम है. कंपनी ने अपने 455 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 557-585 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था.

## भारत-US ट्रेड डील पर सहमति जल्द

### नीति आयोग CEO ने जताया भरोसा

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि अमेरिका के साथ भारत के प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर नवंबर के अंत तक कुछ सकारात्मक खबरें सामने आ सकती हैं. उन्होंने 'सीएनबीसी ग्लोबल लीडरशिप समिट 2025' कार्यक्रम में कहा कि नवंबर के अंत तक राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन शुरू हो जाएगा. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका के साथ चीजें थोड़ी मुश्किल रही हैं और इसे फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है. व्यापार वार्ता चल रही है. उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक हमें कुछ सकारात्मक खबर मिल सकती है. सीईओ ने कहा कि भारत लगातार विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहा है. उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियां भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र खोल रही हैं. नीति आयोग के सीईओ की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका इस बात का दबाव बना रहा है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करे. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि दुनिया एक उतार-चढ़ाव से गुजर रही है. यह नहीं पता कि इससे कैसे निपटना है. दुनिया उस दिशा में बढ़ रही है, जहां कम वृद्धि दर एक सामान्य बात है. उन्होंने कहा कि इनके बीच भारत एक अलग ही स्थिति में है. मेरा मतलब है, यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे उज्ज्वल स्थान है, और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है. .





### # NEWS विंडो

### बायर की नई दवा केरेन्डिया को मंजूरी

**दिल्ली.** दवा कंपनी बायर को हृदयाघात के इलाज के लिए अपनी नयी दवा केरेन्डिया के लिए भारतीय नियामक प्राधिकरणों से मंजूरी मिल गई है. यह उत्पाद (फाइनरेनोन) पहले से ही टाइप 2 मधुमेह (टी2डी) से जुड़े पुराने किडनी रोग (सीकेडी) के लिए अनुमोदित है. बायर के फार्मास्युटिकल इकाई की भारत में प्रबंध निदेशक श्वेता राय ने कहा फाइनरेनोन के उपयोग क्षेत्र के विस्तार के साथ हम हृदयाघात के उन प्रकारों पर ध्यान दे रहे हैं. जिनकी संख्या सभी हृदय विफलता मामलों का लगभग आधा है.

## वर्कमेट्स का आईपीओ मूल्य 204 रुपये तय

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** क्लाउड और डिजिटल कंपनी वर्कमेट्स कोर2क्लाउड सोल्यूशन लि. ने अपनी क्लाउड और डिजिटल परिवर्तन क्षमताओं के विस्तार तथा पुराने ऋणों का भुगतान करने के लिए पूंजी जुटाने सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की घोषणा की है, जिसमें 29,08,800 इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 5,14,800 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है. आईपीओ मूल्य 200 से 204 रुपये प्रति शेयर रखा गया है. यह आईपीओ निवेश के लिए मंगलवार 11 नवंबर को खुलेगा और गुरुवार 13 नवंबर को बंद होगा. कोलकाता स्थित इस कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई में 18 नवंबर को लिस्ट होने की उम्मीद है. अमेज़न वेब सर्विसेज से प्रीमियर टियर सेवा भागीदार का दर्जा प्राप्त वर्कमेट्स की वैश्विक उपस्थिति है.

**11 को खुलेगा**

## मेडन फोर्जिंग्स को ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड से मान्यता

**मुंबई.** ब्राइट स्टील बार्स और वायर्स की अग्रणी निर्माता मेडन फोर्जिंग्स लिमिटेड को ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड, मुरादनगर के केंद्रीकृत विक्रेता पंजीकरण प्रक्रिया के तहत आधिकारिक रूप से आपूर्तिकर्ता के रूप में पंजीकृत किया गया है. इससे पहले कंपनी ओएफबी कोलकाता से भी आपूर्ति के लिए मान्यता मिल चुकी है. मेडन फोर्जिंग्स के प्रबंध निदेशक निशांत गर्ग ने कहा कि यह उपलब्धि मेडन फोर्जिंग्स को देश के रक्षा उत्पादन नेटवर्क में अपनी भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी. वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 214 करोड़ रुपये का कारोबार किया.

## बजाज का फेस्टिव लोन वॉल्यूम बढ़ा

■ **मुंबई, नवभारत कनेक्ट.** बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है. कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27% अधिक संख्या में और 29% अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं. उपभोक्ता वस्तुओं के लिए लिए गए इन कर्ज में बढ़ोतरी सरकार के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों और व्यक्तिगत आयकर दरों में किए गए बदलावों का सकारात्मक परिणाम है, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ाना रहा है. बजाज फाइनेंस ने 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 63 लाख कर्ज वितरित किए. इस अवधि में कंपनी ने 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52% न्यू-टू-क्रेडिट (पहली बार कर्ज लेने वाले) थे, जिससे वित्तीय समावेशन को व्यापकता मिली.


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभाग : मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)
क्र. ई.ई. मेके./ईआई/5074/मेंटे. दि. 07.11.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंडर्स) पर/बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

| अ.क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 2025_एमसीजीएम_1241791_1 | केईएम अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग और एम. एस. बिल्डिंग के उपयोग हेतु इमरजेंसी बैक अप यूनिट्स की एसआईटीसी और उन्नयन. |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) का अवलोकन करें.

हस्ता./-
पीआरओ/2146/विज्ञा./2025-26 ई.ई. मेके. (ईआई) मेंटे.

कहीं पर भी पानी जमने ना दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें



मुख्य कार्यालय,
यशवंत नगर, विरार (प.)
ता. वसई, जि. पालघर - ४०१ ३०३

दूरध्वनी : ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
फॅक्स : ०२५०-२५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र.: व.वि.श.म./निवडणूक/१६८/२५-२६
दिनांक : ०७/११/२०२५

परिशिष्ट ५
(सोडत व आरक्षण प्रसिध्दी - जाहीर सुचनेचा नमुना - मराठी)

**वसई-विरार शहर महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक २०२५**
**जाहीर सूचना**

वसई विरार शहर महानगरपालिका सन २०२५ मध्ये होणाऱ्या सार्वत्रिक निवडणूकीसाठी अनुसूचित जाती (महिला), अनुसूचित जमाती (महिला), नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग, नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला), व सर्वसाधारण महिलांसाठी आरक्षण निश्चित करण्याकरीता सोडत काढणे, तसेच आरक्षणाचे प्रारुप प्रसिध्द करुन हरकती व सूचना मागविण्यासाठी खालीलप्रमाणे कार्यक्रम जाहीर करण्यात येत आहे :-

| | | |
|---|---|---|
| १. | आरक्षण सोडत दिनांक | वारः- मंगळवार<br>दिनांक :- ११ नोव्हेंबर २०२५<br>सकाळी ११.०० वा.<br>स्थळ :- वसई-विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय दूसरा मजला, विरार (प) |
| २. | आरक्षणाचे प्रारुप प्रसिध्दी करण्याचा दिनांक | सोमवार, दिनांक.१७ नोव्हेंबर २०२५ |
| ३. | हरकती व सुचना सादर करण्याचा कालावधी | सोमवार, दिनांक १७ नोव्हेंबर २०२५ ते सोमवार, दिनांक २४ नोव्हेंबर २०२५ (दुपारी ३.०० वा. पर्यंत) |
| ४. | हरकती व सुचना | महानगरपालिका मुख्यालय, निवडणूक कार्यालय अथवा संबंधित प्रभाग कार्यालयाचे मुख्यालय येथे सादर कराव्यात. |

टीपः- दाखल झालेल्या हरकती व सूचना विचारात घेऊन आरक्षणाची अंतिम अधिसूचना प्रसिध्द करण्यात येईल.

ठिकाण :- वसई-विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय
दिनांक : ०८/११/२०२५

सही/-
डॉ. इंदु राणी जाखड (भा.प्र.से)
प्र. आयुक्त तथा प्रशासक
वसई-विरार शहर महानगरपालिका



आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड / IREL (India) Limited
Formerly Indian Rare Earths Limited
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)
CIN: U15100MH1950GOI008187 Website: www.irel.co.in
ISO 9001:2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001 : 2018 Company
Ref: ADVT.NO. 25-26/13 Date: 01.11.2025

**निविदा सूचना / TENDER NOTICE**

आईआरईएल, ऑसकॉम निम्नलिखित मदों / जॉब विवरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध आमंत्रित करता है. IREL, OSCOM invites request for proposal for the following items / job descriptions.

| बिड सं/ Bid No. | जॉब / मद विवरण / Job / Item Description |
|---|---|
| GEM/2025/B/6831411 | कॉस्टिक सोडा लायी की आपूर्ति |
| GEM/2025/B/6796374 | ऑक्सालिक एसिड की आपूर्ति |
| GEM/2025/B/6815698 | 525 केडब्ल्यू इंडक्शन मोटर की आपूर्ति और क्रियान्वयन |
| GEM/2025/B/6836452 | एमएसपी के मैकेनिकल मेंटेनेंस के लिए एएमसी |

बोलीदाता निविदा दस्तावेज़ http://irel.co.in, http://gem.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure / app से डाउनलोड कर सकते हैं। उपरोक्त निविदाओं का कोई भी शुद्धिपत्र / विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही होस्ट किया जाएगा।
Bidder may download tender document from http://irel.co.in, http://gem.gov.in or https://eprocure.gov.in/eprocure/app. Any corrigendum / Extension to above tenders shall be hosted in above websites only.

ह. / Sd/-
CBC 48146/12/0013/2526 महाप्रबंधक एवं प्रधान, ऑसकॉम / GM & HEAD,OSCOM



**NOTICE FOR INVITING TENDER (NIT)**
**"Request for Proposal for Empanelment of Service Providers for e-Procurement and e-Auction Platform and Related Services"**
Ref No: 3903 Raipur, Date: 06/11/2025

The Chhattisgarh State Cooperative Marketing Federation Limited (CG-MARKFED) Government of Chhattisgarh invites Bids from qualified and experienced companies for "Empanelment of Service Providers for e- Procurement and e-Auction Platform and Related Services." The service providers qualifying as per the criteria defined in the RFP are encouraged to participate in the selection process. Interested service providers should submit their Bids online only in response to this NIT Number- GEM/2025/B/6840889 latest by **07/12/2025** through GEM portal. The detailed RFP document can be downloaded from websites **www. gem.gov.in and www. markfed.cg.nic.in.**

45837/4 **Managing Director,**
**Chhattisgarh State Cooperative Marketing Federation Ltd., Nava Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002**



**MAHAGENCO** Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.
**e-TENDER NOTICE – 090 / 2025–26**

Following e-Tender offers are invited online from registered contractors / companies etc. are available at our website https://eprocurement.mahagenco.in.

| e-Tender No. | RFX No. | Particulars of Work / Supply | Estt. Cost Rs. (In Lakhs) |
|---|---|---|---|
| TN0652 BM1 | 3000062623 | WORK OF COAL COMPARTMENT ASSEMBLY & BURNER TILT REPAIR AND AUXILIARY AIR DAMPERS SERVICING DURING FORCED BREAKDOWNS AND PLANNED SHUTDOWNS OF 210MW UNITS | 16.47 |
| TN0673 CHP1 Refloated | 3000062821 | BIENNIAL CONTRACT FOR THE WORK OF PADDLE FEEDER OPERATION, CLEARING OF TRACK, GRILLING, CLEANING & ALLIED WORKS, MANUAL UNLOADING OF BOBR WAGON PNEUMATICALLY IN CHP-I. | 273.26 |

**Note » Tender cost is Rs. 1,000 /- + GST.**
Sd/- **Chief Engineer (O&M)**
**MSPGCL, TPS Khaperkheda**



GOVERNMENT OF MAHARASHTRA, HOME DEPARTMENT (PORTS & TRANSPORT)
**MAHARASHTRA MARITIME BOARD**
Indian Mercantile Chambers, 2nd Floor, Ramjibhai Kamani Marg, Ballard Estate, Mumbai 400 001.
Tel.: 022-69041777 Fax: 022-69041740
Website : https://mahammb.maharashtra.gov.in Email : ceo.mmb@maharashtra.gov.in/ceommb@gmail.com

**E-Tender Notice - (Year 2025-26) Reg2/65**

Main Portal : https://mahatenders.gov.in

Digitally signed E-Tender for following work is invited by Chief Executive Officer, Maharashtra Maritime Board, Mumbai, from appropriate experienced contractor in B2 Tender Form.

| Sr. No. | Name of Work | Approximately Tender Cost in Rs. | Earnest Money Amount in Rs. | Blank Tender form amount in Rs. | Time limit for Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Groynes Bund, Jetty, Approach road and Dredging of existing Channel at Akshi Sakhar Tal. Alibag Dist. Raigad | 127,61,55,572/- | 63,81,000/- | 5,900/- | 24 Months (Including Monsoon) |

The details can be viewed online and downloaded directly from the Government of Maharashtra E- Tendering Portal https://mahatenders.gov.in from **08.11.2025 at 15:00 hrs. up to 28.11.2025 at 17:00 (IST)**.

The right to reject any or all tenders without assigning any reason is reserved.

Sd/-
(Manish Metkar)
Executive Engineer,
Maharashtra Maritime Board, Mumbai.

DGIPR 2025-26/3859



**नालको NALCO**
नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
नालको भवन, प्लाट सं. पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर - 751013, (ओड़िशा)
सीआईएन : L27203OR1981GOI000920
एक नवरत्न कम्पनी

**सूचना**

निदेशक मंडल ने 7 नवम्बर, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए **4/-** रुपये प्रति शेयर की दर से अंतरिम लाभांश स्वीकृत किया है।

इस संबंध में, सूचना दी जाती है कि **शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025** को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए **'रिकॉर्ड तिथि'** के रूप में तय किया गया है।

अंतरिम लाभांश उन शेयरधारकों को दिया जाएगा जिनके नाम हैं:

क) इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में 14.11.2025 को कारोबारी घंटों के अंत में एनएसडीएल और सीडीएसएल द्वारा डाउनलोड किए जाने वाले लाभकारी स्वामियों की स्थिति के अनुसार लाभकारी स्वामियों के तौर पर तथा

ख) कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में, ट्रांसमिशन/ट्रांसपोज़िशन को प्रभावी करने के बाद, यदि कोई हो 14.11.2025 को या उससे पहले कंपनी के पास भौतिक रूप में जमा किया गया।

शेयरधारकों हेतु लाभांश आय 01.04.2020 से कर योग्य है और तदनुसार, कंपनी आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार स्रोत पर कर (टीडीएस) काटेगी।

रिकॉर्ड तिथि के बारे में जानकारी कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.nalcoindia.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक: 08.11.2025

कृते नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड
ह/-
(बी. के. साहू)
मुख्य महाप्रबंधक तथा कंपनी सचिव



**गंभीर कपट पोर्टफोलियो कार्यालय**
भारत सरकार
**Serious Fraud Investigation Office**
Government of India

B-3 Wing, 2nd Floor / बी-3 विंग, द्वितीय तल
Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan / पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन
CGO Complex, Lodi Road / केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड
New Delhi-110003 / नई दिल्ली-110003

क्र. /एसएफआईओ/प्रशासन-II/बिल्स/0034/2015-प्रशासन-II-भाग(1)(6528)/1/

**अंतिम तिथि विस्तार हेतु सूचना**

गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर भरे जाने हेतु 30 अगस्त, 2025 से 05 सितंबर, 2025 तक के रोजगार समाचार में प्रकाशित निम्नलिखित रिक्तियों के संबंध में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 दिनों के लिए बढ़ाकर **28.11.2025 (शुक्रवार)** कर दी गई हैः -

| अ. क्र. | पदनाम | रिक्तियों की संभावित सं. | 7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स में लेवल | तैनाती का संभावित स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | उप निदेशक (कॉर्पोरेट लॉ) | 11 | लेवल-11 | चेन्नई/ दिल्ली/ हैदराबाद/ कोलकाता/ मुंबई |
| 02 | उप निदेशक (जांच) | 05 | | |
| 03 | वरिष्ठ सहायक निदेशक (बैंकिंग) | 01 | लेवल-10 | |
| 04 | वरिष्ठ सहायक निदेशक (पूंजी बाजार) | 02 | | |
| 05 | वरिष्ठ सहायक निदेशक (फोरेंसिक ऑडिट) | 02 | | |
| 06 | वरिष्ठ सहायक निदेशक (जांच) | 01 | | |
| 07 | वरिष्ठ सहायक निदेशक (कराधान) | 01 | | |
| 08 | वरिष्ठ अभियोजक | 01 | | |
| 09 | सहायक निदेशक (जांच) | 11 | लेवल-8 | |
| 10 | सहायक निदेशक (विधि) | 01 | | |
| | कुल | 36 | | |

2. ये पद प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर भरे जाने हैं, निजी उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

3. विज्ञापित पदों की संख्या अस्थायी है और प्रशासनिक आधार पर इसमें वृद्धि/कमी हो सकती है. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में, सभी प्रकार से पूर्ण अपने आवेदन पत्र, उचित माध्यम से, निदेशक, गंभीर धोखाधड़ी जाँच कार्यालय, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को स्पीड पोस्ट द्वारा, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि, जैसा कि ऊपर बताया गया है, शाम 5 बजे तक या उससे पहले भेज सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया www.sfio.nic.in/ www.mca.gov.in पर जाएँ.

4. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रपत्र के अनुसार शैक्षिक योग्यताओं की स्व-सत्यापित प्रतियों, पिछले 5 वर्षों के अद्यतन एसीआरएस/एपीएआरएस, अवर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित (प्रत्येक पृष्ठ पर), सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए बड़े/छोटे दंड के प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी के साथ भेजे जा सकते हैं. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी यह भी प्रमाणित कर सकते हैं कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरणों का सत्यापन किया गया है और वे सही पाए गए हैं.

5. चयनित उम्मीदवार मूल वेतन के 20% की दर से विशेष सुरक्षा भत्ते के भी पात्र होंगे। एसएसए के साथ कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

6. एसीआरएस/एपीएआरएस, सतर्कता मंजूरी, शैक्षिक योग्यता की स्व-सत्यापित प्रतियों आदि के बिना प्राप्त या अन्यथा अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

CBC 07102/11/0012/2526 वरिष्ठ सहायक निदेशक [प्रशासन]

## संक्षेप में

### बिड़ला कॉर्प. का लाभ 90.48 करोड़ रुपये रहा

एमपी बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी बिड़ला कॉरपोरेशन का चालू वित्त वर्ष 2026 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 90.48 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 25.19 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने इस वृद्धि का पूरा श्रेय सीमेंट और जूट कारोबार में बेहतर लाभप्रदता को दिया है। मगर एक तिमाही पहले के 119.57 करोड़ रुपये के मुकाबले शुद्ध लाभ में कमी आई है। *बीएस*

### पूर्वांकरा का शुद्ध घाटा 43 करोड़ रुपये हुआ

बेंगलूरु की रियल एस्टेट डेवलपर पूर्वांकरा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 42.99 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 17.06 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध राजस्व एक साल पहले के 519.68 करोड़ रुपये के मुकाबले 27.5 फीसदी बढ़कर 662.73 करोड़ रुपये हो गया। *बीएस*

### ट्रेंट का शुद्ध लाभ 11.3 फीसदी बढ़ा

फैशन और लाइफस्टाइल रिटेलर ट्रेंट का समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक साल पहले के मुकाबले 11.3 फीसदी बढ़ा। दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन से राजस्व एक साल पहले के मुकाबले 15.9 फीसदी बढ़कर 4,817.68 करोड़ रुपये हो गया। ट्रेंट ने कहा कि उसके समेकित राजस्व में ट्रेंट हाइपरमार्केट व्यवसाय का राजस्व शामिल नहीं है। *भाषा*

# स्विगी को क्यूआईपी से 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी

**उदिशा श्रीवास्तव**
नई दिल्ली, 7 नवंबर



### कंपनी के निदेशक मंडल ने दी हरी झंडी

- बैलेंस शीट को मजबूत कर क्विक कॉमर्स परिचालन का विस्तार करने के लिए पूंजी जुटा रही है कंपनी
- क्यूकॉम क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण अतिरिक्त धन जुटाने पर विचार कर रही थी कंपनी
- जेप्टो और ब्लिंकइट जैसी प्रतिद्वंद्वी आक्रामक रूप से विस्तार कर रही हैं और पूंजी जुटा रही हैं

फूड और ग्रॉसरी डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) समेत अन्य सार्वजनिक या निजी पेशकशों के ज़रिए 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को हरी झंडी दे दी है। कंपनी अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करने और अपने क्विक कॉमर्स (क्यूकॉम) परिचालन को बढ़ाने के लिए पूंजी जुटा रही है।

एक्सचेंजों को दी सूचना में स्विगी ने कहा कि उसके बोर्ड ने सार्वजनिक या निजी पेशकशों के जरिये एक या एक से ज्यादा किस्तों में क्यूआईपी या अन्य स्वीकृत रास्ते से कुल 10,000 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने पर विचार किया है और उसे मंजूरी दे दी है। क्यूआईपी पूंजी जुटाने का एक जरिया है, जो सूचीबद्ध कंपनियों को म्युचुअल फंड, बीमा कंपनियों जैसे पात्र संस्थागत खरीदारों से पूंजी जुटाने की सुविधा देता है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब कंपनी ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह क्यूकॉम क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण अतिरिक्त धन जुटाने पर विचार कर रही है। विश्लेषकों से बातचीत में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणामों को साझा करते हुए कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी राहुल बोथरा ने कहा कि इस क्षेत्र में निरंतर निवेश देखा जा रहा है, इसलिए नए फंड का इस्तेमाल वृद्धि पूंजी के रूप में किया जाएगा।

बोथरा ने कहा, क्यूकॉम क्षेत्र लगातार भारी निवेश आकर्षित कर रहा है। नए और पुराने दोनों ही प्रकार की कंपनियां आगे बढ़ रही हैं और निवेश हासिल कर रही हैं। इसलिए हम बोर्ड के साथ इस पर बातचीत करना चाहते थे ताकि अतिरिक्त पूंजी जुटाई जा सके। यह पूंजी वृद्धि के साथ-साथ रणनीतिक रूप से रिजर्व भी होगी, जिसका इस्तेमाल हम आगे चलकर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्यूआईपी के बाद कंपनी को और पूंजी जुटाने की उम्मीद नहीं है।

स्विगी की धन जुटाने की योजना ऐसे समय आई है जब ग्रोसरी क्षेत्र में जेप्टो और ब्लिंकइट जैसी प्रतिद्वंद्वी आक्रामक रूप से विस्तार कर रही हैं और पूंजी जुटा रही हैं। उदाहरण के लिए पिछले महीने जेप्टो ने करीब 45 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाने के दौर के समापन की घोषणा की, जिसका मूल्यांकन 7 अरब डॉलर आंका गया है। ब्लिंकइट का लक्ष्य मार्च 2027 तक अपने नेटवर्क का विस्तार 3,000 डार्क स्टोरों तक करना है। साथ ही, क्यूकॉम बाजार में अपेक्षाकृत नई कंपनियों जैसे एमेजॉन नाउ, जियोमार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स और बिगबास्केट भी अपने कारोबार के विस्तार की योजना बना रही हैं।

गौरतलब है कि इसी साल सितंबर में स्विगी ने कैब उपलब्ध कराने वाली रैपिडो (जो अब फूड डिलिवरी क्षेत्र में भी प्रवेश कर चुकी है) में अपनी पूरी हिस्सेदारी लगभग 2,400 करोड़ रुपये में बेचने का सौदा किया था। इस तिमाही में इस हिस्सेदारी बिक्री से कंपनी के नकदी भंडार में और बढ़ोतरी होगी।

स्विगी ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 1,092 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध घाटा दर्ज किया था जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 626 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इसके बावजूद कंपनी ने मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की और समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 54.42 फीसदी बढ़कर 5,561 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके खाद्य वितरण और इंस्टेंट किराना व्यवसाय दोनों में निरंतर विस्तार को दर्शाता है।

# गोल्डमैन ने भारत से 49 एमडी बनाए

**अभीक दास**
बेंगलूरु, 7 नवंबर



**गोल्डमैन** सैक्स ने भारत से 49 लोगों को अपने निवेश बैंक के प्रबंध निदेशक के रूप में पदोन्नत किया है। यह देश में उसका अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस कदम से बैंक के समग्र तंत्र में बेंगलूरु के उसके प्रौद्योगिकी केंद्र को दी जा रही प्राथमिकता का संकेत मिलता है।

वॉल स्ट्रीट के इस प्रतिष्ठित बैंक ने कहा कि दुनिया भर में उसके 54 कार्यालयों के 638 लोग 1 जनवरी से प्रबंध निदेशक बन जाएंगे। यह बैंक में दूसरा सबसे बड़ा पद है। इसके बाद इनमें से कई लोगों को पार्टनर के रूप में पदोन्नत किया जाएगा। हर दो साल में होने वाली इन तरक्कियों के तहत बेंगलूरु में 38, मुंबई में 6 और हैदराबाद में 5 पदोन्नतियां हुईं। 2023 में भारत से 35 लोगों को पदोन्नत किया गया। यह भारत में एमडी की सबसे बड़ी श्रेणी है, खासकर गोल्डमैन के मुंबई कार्यालय में, जो उसके भारतीय कारोबार को संचालित करता है और बेंगलूरु कार्यालय में, जो फर्म का प्रमुख वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र है। न्यूयॉर्क और लंदन के बाद बेंगलूरु कार्यालय में सबसे अधिक पदोन्नतियां हुईं।

हालांकि, बेंगलूरु और हैदराबाद कुल एमडी का केवल 7 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। 56 प्रतिशत या 358 लोग अमेरिका के थे और 25 प्रतिशत या 159 ईएमईए क्षेत्र से थे। उनमें से 94 भारतीय नागरिक हैं जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 80 और 2021 में 71 थी।

सीईओ डेविड सोलोमन ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि हमारे नए प्रबंध निदेशक फर्म की संस्कृति और साझेदारी, ग्राहक सेवा, ईमानदारी और उत्कृष्टता के हमारे मूल मूल्यों की रक्षा जारी रखेंगे, फर्म के उच्च मानकों को मजबूत बनाएंगे, क्योंकि हम जो कुछ भी करते हैं उसमें हमारी सर्वश्रेष्ठ होने की आकांक्षा होती है।'

गोल्डमैन भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में कदम रखने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक रही है, जिसने 2004 में आईटी और अन्य बैक ऑफिस सहायता से जुड़ी गतिविधियों के लिए बेंगलूरु में कार्यालय स्थापित किया था। पिछले दो दशक में उसके संचालन में कई गुना वृद्धि हुई है और अब इसमें कॉरपोरेट नकदी प्रबंधन, तरलता प्रबंधनजैसे बैंकिंग कार्यों की व्यापक श्रृंखला शामिल है।

# हिंडाल्को का लाभ 21 फीसदी बढ़ा

**रोशनी शेखर**
मुंबई, 7 नवंबर

**जुलाई-सितंबर** तिमाही में आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का समेकित शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 21.3 फीसदी बढ़कर 4,741 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के शुद्ध लाभ को उसके भारतीय व्यवसाय और अमेरिका स्थित सहायक इकाई नोवेलिस से मदद मिली।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत बढ़कर 66,058 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अन्य आय एक साल पहले के मुकाबले दूसरी तिमाही में 33.7 प्रतिशत घटकर 713 करोड़ रुपये रह गई।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने आज मीडिया के साथ एक ऑनलाइन माध्यम से बात करते हुए कहा, 'कंपनी का एबिटा 22 फीसदी की वृद्धि के साथ 4,500 करोड़ रुपये रहा। एल्युमीनियम डाउनस्ट्रीम व्यवसाय ने भी शानदार तिमाही दर्ज की, जिसमें एबिटा 69 प्रतिशत बढ़कर 261 करोड़ रुपये रहा तथा तांबा व्यवसाय 600 करोड़ रुपये से अधिक के हमारे अनुमान के अनुरूप रहा, भले ही टीसी/आरसी (ट्रीटमेंट और रिफाइनिंग चार्जेंस) में कमी आई, लेकिन कुल मिलाकर यह काफी अच्छी तिमाही रही।'

### नायिका का शुद्ध लाभ बढ़कर 34 करोड़ रुपये

फैशन एवं सौंदर्य उत्पादों की खुदरा विक्रेता फर्म नायिका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 34.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एफएसएन ई-कॉमर्स ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में परिचालन आय 25.13 फीसदी बढ़कर 2,345.98 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 1,874.74 करोड़ रुपये थी।

# बजाज ऑटो ने कमाया रिकॉर्ड राजस्व

**बीएस संवाददाता और भाषा**
मुंबई/कोलकाता, 7 नवंबर

**पुणे** की प्रमुख दो पहिया वाहन कंपनी बजाज ऑटो ने चालू वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में अपना अब तक का सबसे अधिक राजस्व और कर पश्चात लाभ दर्ज किया है। इसके अलावा, कंपनी समेकित राजस्व भी एक साल पहले के मुकाबले 18.8 फीसदी बढ़कर 15,734.7 करोड़ रुपये हो गया और कर पश्चात मुनाफा 53.2 फीसदी बढ़कर 2122 करोड़ रुपये हो गया। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर बजाज का शेयर सपाट रहा।

वाहनों के बेहतर मिश्रण और अब तक की सबसे अच्छी स्पेयर पार्ट्स की बिक्री के साथ-साथ मजबूत निर्यात गति के कारण कंपनी का एबिटा पहली बार 3,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया और मार्जिन भी 20.5 फीसदी तक पहुंच गया। अनुकूल मुद्रा प्राप्ति और परिचालन लीवरेज ने शुद्ध लागत मुद्रास्फीति की भरपाई से कहीं अधिक की। मार्जिन भी एक तिमाही पहले के मुकाबले 70 आधार अंकों से अधिक बढ़ा।

वित्तीय नतीजे जारी करने के बाद बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि सितंबर का महीना थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहा, क्योंकि माल एवं सेवा कर की नई दरों (जीएसटी 2.0) की घोषणा के बाद बिक्री में भारी गिरावट आई और फिर 22 सितंबर के बाद इसमें तेजी आई। उन्होंने स्वीकार किया कि तिमाही दौरान अधिकतर वक्त आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति संबंधी समस्या के कारण ई-तिपहिया वाहनों के लिए करीब 15 फीसदी और चेतक के लिए 50 फीसदी कमी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'सितंबर के अंत तक हम इसे सुलझा रहे थे और आपूर्ति शुरू हो गई।' बजाज के घरेलू राजस्व का लगभग 20 फीसदी अब इलेक्ट्रिक कारोबार से आता है और इसकी लाभप्रदता दो अंकों में पहुंच गई है।

इसके अलावा, अफ्रीका में दो अंकों की वृद्धि के कारण कुल निर्यात राजस्व में भी एक साल पहले के मुकाबले 35 फीसदी की वृद्धि हुई। वाणिज्यिक वाहनों में इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो का योगदान रहा, जो एक साल पहले के मुकाबले 1.5 गुना बढ़ा और समीक्षाधीन अवधि में इस 'रिकी' की पेशकश के साथ बड़े ई-रिक्शा बाजार में प्रवेश किया गया, जिसकी शुरुआत 4 शहरों में हुई और जिसका तेजी से विस्तार होने की उम्मीद है।

### बिक्री के दम पर बढ़ोतरी पर ब्रिटानिया का दांव

**ब्रिटानिया** इंडस्ट्रीज बिक्री के दम पर बढ़ोतरी पर दांव लगा रही है। उसने इलाकों के साथ-साथ उपभोक्ता-केंद्रित उत्पादों और वितरण नेटवर्क को लक्षित किया है। कंपनी यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि हर इलाके में उसकी कीमतें प्रतिस्पर्धी हों।

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी वरुण बेरी ने बुधवार को कंपनी के वित्तीय परिणाम जारी करने के बाद विश्लेषक सम्मेलन में निवेशकों को बताया, 'हम अपने प्रमुख ब्रांडों में पहले की तरह निवेश करते रहेंगे।' उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में उनके निवेश में थोड़ी गिरावट आई थी। मगर अब हम पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम दोगुना ताकत से यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे पास जो बेहद प्रमुख ब्रांड हैं, हम उन्हें आगे बढ़ाते रहें और उन पर निवेश करते जाएं।

बेंगलूरु की इस बिस्किट कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक साल पहले के मुकाबले 23.1 फीसदी की समेकित शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की जो 654 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.7 फीसदी बढ़कर 4,841 करोड़ रुपये हो गया। बिस्किट क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी का ब्याज, कर और मूल्यह्रास से पहले का मुनाफा 21.5 फीसदी बढ़कर 1,003 करोड़ रुपये हो गया। *बीएस*

### टॉरंट फार्मा का लाभ 30% बढ़ा

टॉरंट समूह की प्रमुख कंपनी टॉरंट फार्मास्युटिकल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 30 फीसदी बढ़कर 591 करोड़ रुपये रहा। दवा कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 453 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। टॉरंट फार्मा ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि दूसरी तिमाही में उसका राजस्व बढ़कर 3,302 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,889 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसका भारत का राजस्व 1,820 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 12 फीसदी अधिक है। दूसरी तिमाही के दौरान ब्राजील कारोबार से राजस्व 318 करोड़ रुपये और अमेरिका में 337 करोड़ रुपये रहा।

### चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनैंस का लाभ 20 फीसदी बढ़ा

वित्तीय सेवा कंपनी चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनैंस कंपनी लिमिटेड (सीआईएफसीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 20 फीसदी बढ़कर 1,155 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 963 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय 21 फीसदी बढ़कर 7,590 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6293 करोड़ रुपये थी।

